दिनांक 26.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

29 सितम्बर से 01 अक्टुबर तक निगम क्षेत्र में जलप्रदाय व्यवस्था बाधित रहेगी

भिलाईनगर/ अमृत मिशन योजना अंतर्गत निगम क्षेत्र में 10 नग उच्चस्तरीय जलागार एवं स्वच्छ वाहिनी पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। उच्चस्तरीय जलागार एवं पाईप लाईन का हाइड्रो टेस्ट करने के लिए सुपेला चौक एवं गौतम नगर उच्चस्तरीय जलागार हेतु होण्डा शोरुम आईटीआई खुर्सीपार के पास पुरानी पाईप लाईन से नये पाईप लाईन का इंटरकनेक्शन कार्य 29 सितम्बर से 01 अक्टुबर तक किया जाना है जिसके लिए उक्त तिथि को समस्त एमएलडी जलशोधन संयंत्र से निगम क्षेत्र में जलप्रदाय व्यवस्था बाधित रहेगी।

28 सितम्बर 2018 को रात्रि 12 बजे से पानी सप्लाई बंद कर दिया जायेगा व रात्रि 12 बजे से ही इंटरकनेक्शन का कार्य की प्रारंभिक प्रक्रिया शुरु कर दी जायेगी, तथा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि किसी भी प्रकार से इन तीन दिनों में विद्युत की कटौती न हो क्योकि विद्युत कटौती होने से इंटरकनेक्शन के कार्य में बाधा आ सकती है, इंटरकनेक्शन कार्य के दौरान ट्रैफिक पुलिस को भी सूचना दी जायेगी कि जहां पर कार्य चल रहा है वहां पर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रुप से हो ताकि आम नागरिकों को आवागमन में कोई परेशानी का सामना करना न पड़े ।

जन सम्पर्क अधिकारी